नवभारत
भोपाल, गुरुवार, 23 जुलाई, 2026

केन-बेतवा परियोजना के विरोध में आंदोलन तेज

अस्पताल में अनशन जारी, गांवों में शुरू हुई चूल्हाबंदी

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 22 जुलाई. केन-बेतवा लिंक परियोजना के विरोध में प्रभावित ग्रामीणों का आंदोलन अब नए चरण में पहुंच गया है. बराना नदी घाट से

▶ **प्रशासन ने बारिश का हवाला देकर हटाया था धरना**

धरना स्थल हटाए जाने के बाद आंदोलन से जुड़े गांवों में चूल्हाबंदी शुरू कर दी गई है.

आंदोलनकारियों का कहना है कि जय किसान संगठन के नेता अमित भटनागर का आमरण अनशन बुधवार को 17वें दिन भी जारी रहा.उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां से उन्होंने अनशन जारी रखने की घोषणा की है. 20 जुलाई को प्रशासन ने कुपी गांव स्थित बराना नदी घाट पर चल रहे आंदोलन को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में समाप्त कराया था.प्रशासन का कहना था कि लगातार बारिश और आंदोलनकारियों के स्वास्थ्य को देखते हुए यह कदम उठाया गया.

> आंदोलन से जुड़े लोगों का आरोप है कि अस्पताल में भर्ती अमित भटनागर से उनके परिजनों, मीडिया प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और समर्थकों को मिलने नहीं दिया जा रहा है .उनका कहना है कि वे 24 घंटे पुलिस निगरानी में हैं और उन्हें किताबें तक उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं. इसी के विरोध में प्रभावित गांवों के लोगों ने प्रतीकात्मक रूप से घरों में चूल्हे नहीं जलाए और चूल्हाबंदी आंदोलन शुरू कर दिया. वहीं, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर .के. गुप्ता ने बताया कि लो ब्लड प्रेशर की शिकायत के चलते अमित भटनागर को जिला अस्पताल के आईसीयू में भर्ती किया गया है .उनके अनुसार मरीज चिकित्सकों की निगरानी में है और अस्पताल के प्रोटोकॉल के अनुसार फिलहाल किसी भी व्यक्ति को मिलने की अनुमति नहीं दी जा रही है.

अपर कलेक्टर विनय द्विवेदी बने कार्यवाहक कलेक्टर

अरजरिया के अवकाश पर रहने के कारण जिला पंचायत सीईओ का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 22 जुलाई. छतरपुर जिले में प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए अपर कलेक्टर विनय द्विवेदी को

▶ **कमिश्नर ने जारी किए आदेश**

कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है.यह व्यवस्था कलेक्टर पार्थ जैसवाल और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम: शिवाय अरजरिया के अवकाश पर रहने की अवधि के लिए की गई है.

सागर संभाग के कमिश्नर द्वारा जारी आदेश के अनुसार, विनय द्विवेदी कलेक्टर के साथ-साथ जिला पंचायत सीईओ की जिम्मेदारी भी संभालेंगे.वे दोनों अधिकारी के अवकाश से लौटने तक दोनों पदों का कार्यभार देखेंगे.प्रशासन का उद्देश्य जिले में विकास कार्यों, जनहित से जुड़े मामलों और नियमित प्रशासनिक कार्यों की निरंतरता बनाए रखना है, ताकि किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो.

कई विभागों की कमान प्रभारियों के हवाले

नवभारत न्यूज

हरपालपुर, 22 जुलाई. विभिन्न विभागों की कमार प्रभारियों के हवाले हैं. इससे कामकाज प्रभावित हो रहा है और अव्यवस्थाओं का आलम है. कई विभागों में 20-20 साल से एक ही जगह मलाईदार पदों पर कर्मचारी और अधिकारी डटे हैं. नगरपरिषद, स्वास्थ्य और उच्च शिक्षा विभाग की कमान प्रभारियो के हवाले है. जिम्मेदार पदों पर अनुभवहीन को प्रभार सौंपने से कई विभागों की रेवन्यू व प्रोग्रेस रिपोर्ट में जबरदस्त कमी आई है. वहीं समय पर कार्य नहीं होने की भी शिकायतें मिल रही हैं. स्थानीय नागरिक महेश राय, कौशल तिवारी, विनोद वर्मा, योगेंद्र सिंह का कहना हैं कि प्रभारियों के भरोसे विभाग चल रहे हैं, जिससे कामकाज प्रभावित हो रहा है. शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रभारी प्राचार्य, व्याख्याता और शिक्षक के लंबे समय से जमे हुए हैं. नागरिकों ने लंबे समय से जमे कर्मचारियों और अधिकारियों के तबादले करने की मांग की है.

लंबे समय से जमे अधिकारी-कर्मचारी

ग्रामीणों ने बताईं समस्याएं

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 22 जुलाई. तहसील बिजावर के ग्राम रैदासपुर के ग्रामीणों ने क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर विधायक राजेश शुक्ला के पुत्र धनंजय शुक्ला से मुलाकात की.

इस दौरान ग्रामीणों ने गांव से जुड़े सार्वजनिक और विकास संबंधी मुद्दों से उन्हें अवगत कराया. ग्रामीणों के अनुसार, धनंजय शुक्ला ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को उनके शीघ्र निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश देने की बात कही.उन्होंने जनहित से जुड़े मामलों के समाधान का भरोसा भी दिलाया. ग्रामीणों ने जनसमस्याओं पर त्वरित संज्ञान लेने के लिए धनंजय शुक्ला के प्रति आभार व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि समस्याओं का जल्द समाधान होगा।

सड़क की गुणवत्ता पर सवाल

5 करोड़ से बन रही सड़क का अर्थवर्क पहली बारिश में बहा

नवभारत न्यूज

चंदला, 22 जुलाई. पीडब्ल्यूडी के माध्यम से जिले में करोड़ों रुपये की लागत से बन रही सड़कों की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं.पहली ही बारिश में सड़क निर्माण के लिए डाली गई मिट्टी बह जाने से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है. ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी की जा रही है और अधिकारियों की मिलीभगत से गुणवत्ता से समझौता किया जा रहा है.

जानकारी के अनुसार, गिर्राज कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से कटिया-सलैया (3 किमी) एवं गौहानी-केवटन पुरवा (2.3 किमी) सड़क का निर्माण कराया जा रहा है.ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण से पहले सीबीआर परीक्षण सही तरीके से नहीं कराया गया. यही कारण है कि पहली ही बारिश में अर्थवर्क के लिए डाली गई मिट्टी कई स्थानों से बह गई.ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क की रोलिंग भी निर्धारित मानकों के अनुसार नहीं की गई, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं. अर्थवर्क में उपयोग की गई मिट्टी भी मानक के अनुरूप नहीं है और निर्माण कार्य केवल खानापूर्ति बनकर रह गया है.

> **इनका कहना है**
>
> लोक निर्माण विभाग, सागर के मुख्य अभियंता सी.पी. सिंह ने कहा कि सड़क निर्माण में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी .उन्होंने बताया कि अर्थवर्क की जांच कराई जाएगी. जांच रिपोर्ट आने के बाद ही निर्माण कार्य आगे बढ़ाया जाएगा .यदि लापरवाही या गुणवत्ता में कमी पाई गई तो संबंधित ठेकेदार के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी.

चार माह में धंस गई 4 .50 करोड़ रुपए की सड़क

इधर, गौरिहार क्षेत्र के कहारन पुरवा से लौसी मार्ग पर 4.50 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित लगभग 3 किलोमीटर लंबी सड़क भी पहली बारिश में कई स्थानों पर धंस गई. यह सड़क ठेकेदार राम बिहारी चतुर्वेदी द्वारा बनाई गई थी. ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण के चार माह बाद ही उसकी हालत खराब हो गई, ग्रामीणों ने संबंधित ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है.

शासकीय स्कूल की एलईडी पर चला ऑर्केस्ट्रा का वीडियो

जिला शिक्षा अधिकारी बोले- जांच कर होगी कड़ी कार्रवाई

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 22 जुलाई. शहर के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 में कक्षा की एलईडी टीवी पर ऑर्केस्ट्रा का वीडियो चलने का मामला सामने आया है.

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग हरकत में आ गया है.वायरल वीडियो में कक्षा के भीतर कुछ छात्र मौजूद हैं और एलईडी स्क्रीन पर ऑर्केस्ट्रा का वीडियो चलता दिखाई दे रहा है, जिससे विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं.

> जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि पूरे मामले की जांच कराई जा रही है .जांच में यदि किसी शिक्षक, कर्मचारी या अन्य जिम्मेदार व्यक्ति की लापरवाही सामने आती है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी .उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संसाधनों का उपयोग केवल पढ़ाई के उद्देश्य से होना चाहिए और इस तरह की घटनाओं को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा.

मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी प्रकाश कुमार रायकवार ने कहा कि वायरल वीडियो उनके संज्ञान में आ गया है.

प्रथम दृष्टया यह मामला विद्यालय की अनुशासन व्यवस्था और स्मार्ट क्लास के शैक्षणिक उपयोग से जुड़ा प्रतीत होता है.

उन्होंने कहा कि यह पता लगाया जाएगा कि वीडियो किसने चलाया, किसकी अनुमति से चलाया गया और उस समय संबंधित शिक्षक या जिम्मेदार अधिकारी की क्या भूमिका थी.

वाहन दुर्घटना का झूठा मामला दर्ज करने का आरोप

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 22 जुलाई. ग्राम सिमराई निवासी वासुदेव कुशवाहा ने बुधवार को कुशवाहा समाज के लोगों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर राजनगर थाना पुलिस के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई.उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने उनके वाहन से दुर्घटना होने का झूठा मामला दर्ज किया है और उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया.

पुलिस पर अभद्रता और धमकी देने की भी शिकायत

एसपी कार्यालय में आवेदन देकर निष्पक्ष जांच की मांग

वासुदेव कुशवाहा का कहना है कि राजनगर थाना पुलिस ने उन्हें थाने बुलाकर उनका वाहन मंगवाया.थाने पहुंचने पर पुलिस ने कथित रूप से जबरन उनके वाहन पर दुर्घटना का मामला दर्ज कर दिया.उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस दौरान उन्हें धमकाया गया.झ

पीड़ित ने एसपी कार्यालय में आवेदन देकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और उचित कार्रवाई की मांग की है.समाचार लिखे जाने तक इस मामले में राजनगर थाना पुलिस का पक्ष सामने नहीं आया था.

राजनगर कॉलेज की सफाई व्यवस्था पर उठे सवाल

जल्द कार्रवाई नहीं होने पर छात्र संगठन ने दी आंदोलन की चेतावनी

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 22 जुलाई. राजनगर स्थित शासकीय महाविद्यालय में सफाई व्यवस्था को लेकर छात्र संगठन ने नाराजगी जताई है. संगठन का आरोप है कि पुरुष प्रसाधन की कई दिनों से सफाई नहीं हुई, जिससे वहां गंदगी और दुर्गंध की स्थिति बनी हुई है.छात्रों का कहना है कि इससे उन्हें रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

प्रसाधन की सफाई नहीं होने से छात्रों में नाराजगी

बुंदेलखंड छात्र शक्ति संगठन के अध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा ने आरोप लगाया कि महाविद्यालय के बाथरूम और कुछ कक्षाओं की सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं है. उन्होंने यह भी कहा कि परिसर में गुटखा और तंबाकू पर प्रतिबंध होने तथा जुर्माने का प्रावधान होने के बावजूद दीवारों पर गुटखे की पीक के निशान दिखाई दे रहे हैं.साथ ही छात्रों को आवश्यक सुविधाएं और प्रवेश प्रक्रिया में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है.

> छात्र संगठन ने प्राचार्य से सफाई व्यवस्था में तत्काल सुधार और परिसर में गुटखा सेवन पर प्रभावी कार्रवाई की मांग की है .संगठन ने चेतावनी दी है कि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं होने पर महाविद्यालय में आंदोलन किया जाएगा .समाचार लिखे जाने तक इस मामले में महाविद्यालय प्रशासन का पक्ष सामने नहीं आया था.

एक नजर में



दुर्गा कॉलोनी के 150 परिवारों ने मांगा पट्टा

छतरपुर. शहर के वार्ड क्रमांक 17 स्थित दुर्गा कॉलोनी में पिछले करीब 15 वर्षों से रह रहे लगभग 150 परिवारों ने प्रशासन से शासकीय भूमि पर रहने की अनुमति और नियमानुसार पट्टा देने की मांग की है .रहवासियों का कहना है कि वे लंबे समय से यहां निवास कर रहे हैं और नगर पालिका का कर भी नियमित जमा कर रहे हैं .उन्होंने बेदखली की आशंका जताते हुए प्रशासन से उनके पुनर्वास या भूमि आवंटन की मांग की है.

रक्षाबंधन से पहले छतरपुर में सजा सेल बाजार

छतरपुर. रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए छतरपुर में सेल बाजार सज गया है, जहां शहर ही नहीं बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं .बाजार में कम कीमत पर विभिन्न प्रकार के उत्पाद उपलब्ध होने से ग्राहकों को एक ही स्थान पर कई विकल्प मिल रहे हैं .यह सेल बाजार रक्षाबंधन तक संचालित होगा. बाजार में 10 रुपये से लेकर 1000 रुपये तक की कीमत में जूते-चप्पल, बैग, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, टी-शर्ट, शर्ट, लोअर, कुर्ते, बेडशीट, तौलिया और अन्य घरेलू उपयोग का सामान उपलब्ध है .व्यापारियों का दावा है कि ग्राहकों को कम कीमत में अच्छी गुणवत्ता का सामान मिल रहा है, जिससे बाजार में लगातार भीड़ बनी हुई है .सेल बाजार में मध्य प्रदेश के साथ अन्य राज्यों से आए व्यापारी भी अपनी दुकानें लगाए हुए हैं .रक्षाबंधन की खरीदारी के लिए यह बाजार लोगों की पहली पसंद बनता जा रहा है.

नाराजगी ▶ **वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद क्षेत्र में आक्रोश**

यूट्यूबर पर धोखे से मांसाहार खिलाने का आरोप

स्थानीय लोगों और संगठनों ने थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग की

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 22 जुलाई.चंदला क्षेत्र में एक कथित यूट्यूबर पर मानसिक रूप से अस्वस्थ और दृष्टिहीन व्यक्ति को कथित तौर पर धोखे से चिकन खिलाने तथा उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने का आरोप लगा है.घटना के सामने आने के बाद स्थानीय लोगों और विभिन्न सामाजिक संगठनों में नाराजगी देखी जा रही है.

शिकायत के अनुसार, भवानीपुर निवासी तुलसीदास द्विवेदी मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं और दोनों आंखों से दृष्टिहीन हैं.आरोप है कि उनकी स्थिति का फायदा उठाते हुए उन्हें शाकाहारी भोजन बताकर चिकन खिलाया गया और पूरी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया गया.

वीडियो वायरल होने के बाद लोगों ने इसे धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला कृत्य बताया.घटना के विरोध में स्थानीय नागरिक और विभिन्न संगठनों के लोग चंदला थाने पहुंचे और पुलिस को लिखित आवेदन सौंपा.उन्होंने आरोपी के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने, वायरल वीडियो को सोशल मीडिया से हटवाने तथा मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है.समाचार लिखे जाने तक पुलिस की ओर से मामले में आगे की कार्रवाई की जानकारी सामने नहीं आई थी.

विवादित वीडियो पर ब्लॉगर ने मांगी माफी

चंदला निवासी ब्लॉगर भगवानदास अहिरवार ने सोशल मीडिया पर वायरल हुए विवादित वीडियो को लेकर बुधवार को सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है. उन्होंने वीडियो जारी कर कहा कि यदि उनकी सामग्री से किसी समाज या व्यक्ति की भावनाएं आहत हुई हैं तो इसके लिए वह खेद व्यक्त करते हैं और भविष्य में ऐसी गलती नहीं दोहराने का आश्वासन देते हैं .विवादित वीडियो को लेकर ब्राह्मण समाज ने थाने में शिकायत भी दर्ज कराई है, जिसकी पुलिस जांच कर रही है.